# नगर ऊंटारी स्टेशन पर 2.16 करोड़ का घपला

## धनबाद रेल मंडल के हरकत में आने के बाद मामले का हुआ खुलासा

प्रशांत सहाय

**बंशीधर नगर (गढ़वा) (आजाद सिपाही)।** रेलवे में बड़े घोटाले की खबर है। जानकारी के अनुसार नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन में टिकट बिक्री के 2 करोड़ 16 लाख 12 हजार 267 रुपये का घोटाला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह घोटाला वर्ष 2023 में हुआ है। घोटाला कोई और नहीं बल्कि एसबीआई द्वारा स्टेशन से बैंक तक पैसा लाकर जमा करने के लिए अधिकृत एजेंसी राईटर सेफ गार्ड लिमिटेड (डब्ल्यूएसजी) के बाईकर (कर्मियों) ने की है।

उक्त कंपनी के दो कर्मी अजय कुमार गुप्ता और प्रेमचंद्र प्रजापति पर राशि के कथित घोटाले का आरोप लगा है। इसका खुलासा रेलवे के बैंक खाते के स्टेटमेंट की जांच पड़ताल के पश्चात हुआ है। इतनी बड़ी राशि का घोटाला होने पर रेल अधिकारियों के कान खड़े हो गये। रेलवे के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक संतोष कुमार ने नगर ऊंटरी थाना में आवेदन देकर बाईकर अजय कुमार गुप्ता और प्रेमचंद कुमार प्रजापति के विरुद्ध राशि गबन करने का मामला दर्ज कराया है। दोनों भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कोनमंडरा गांव के रहने वाले हैं। फिलहाल दोनों कर्मी फरार चल रहे हैं।



### जल्द गिरफ्तार होंगे अभियुक्त : थाना प्रभारी

नगर ऊंटारी थाना के थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने बताया कि स्टेशन प्रबंधक के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में स्टेशन में कार्यरत रेल कर्मियों से पूछताछ की गयी है। जल्द ही अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### क्या है मामला

रेलवे स्टेशन आय की रकम को स्टेशन से लेकर बैंक में जमा करने के लिये रेलवे और एसबीआई के द्वारा 31 अक्टूबर 2020 को एग्रीमेंट किया गया है। उसके बाद से एग्रीमेंट के तहत बैंक के द्वारा अधिकृत एजेंसी (डब्ल्यूएसजी) के बाईकर के द्वारा ही स्टेशन से टिकट बिक्री के पैसे को ले जाकर बैंक में रेलवे के खाता संख्या 32595570076 में जमा किया जाता है तथा बैंक से प्राप्त प्राप्ति रसीद को स्टेशन में जमा किया जाता है।

किंतु एजेंसी के द्वारा नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के वर्ष 2023 मे हुये टिकट बिक्री का पैसा लगभग 2 करोड़ 16 लाख 12 हजार 267 रुपये को एजेंसी के बाईकर अजय कुमार गुप्ता और प्रेमचंद्र प्रजापति ने बैंक में जमा नहीं किया। जबकि बैंक में राशि जमा करने का फर्जी प्राप्ति रसीद को स्टेशन प्रबंधक को लाकर जमा कर दिया। यह क्रम एक वर्ष तक चलता रहा, किंतु किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। बाईकर हर दस दिन और पंद्रह दिन पर बैंक में राशि जमा करने के नाम पर मोटी राशि का गबन करते गया और फर्जी रसीद स्टेशन प्रबंधक के यहां जमा करते गया।

### कैसे हुआ खुलासा

धनबाद रेल मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों में लगातार राजस्व की कमी होने पर रेल विभाग हरकत में आ गया। रेलवे के उच्च अधिकारियों ने इसकी जांच पड़ताल शुरू की। अधिकारियों ने सभी स्टेशन को अपने स्टेशन से बाईकर द्वारा भेजे गये रकम तथा एसबीआई में रेलवे के खाते में जमा किये गये रकम की जांच करने का आदेश दिया।

जांच के क्रम में नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन प्रबंधक के द्वारा जब बैंक से स्टेटमेंट एवं बाईकर द्वारा जमा की गयी प्राप्ति रसीद की जांच की तो पता चला कि बाईकर ने बैंक में राशि को जमा ही नहीं किया है। साथ ही फर्जी तरीके से प्राप्ति रसीद को स्टेशन में जमा किया है। जांच के क्रम में स्टेशन प्रबंधक ने पाया कि 1 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक लगभग 2 करोड़ 16 लाख 12 हजार 267 रुपये बाईकर अजय कुमार गुप्ता और प्रेमचंद्र प्रजापति ने स्टेशन से बैंक में जमा करने के लिए पैसा लिया, किंतु बैंक में रेलवे के खाता नंबर 32595570076 में जमा ही नहीं किया। बैंक के द्वारा दिये गये स्टेटमेंट में भी इसकी पुष्टि हुई है। स्टेशन प्रबंधक के द्वारा इसकी सूचना तत्काल रेलवे के वरीय अधिकारियों को दी। जिसके आलोक में सीटीआई मनुराम के निर्देश पर स्टेशन प्रबंधक ने नगर ऊंटारी थाने में आवेदन देकर बाईकर अजय कुमार गुप्ता और प्रेमचंद्र प्रजापति के विरुद्ध सरकारी राशि का गबन करने का मामला दर्ज कराया है।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने कई कार्यालयों का निरीक्षण किया, आज देंगे जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा, उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर और अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय द्वारा बुधवार को मझिआंव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्रखंड कार्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र के कई स्थानों पर जाकर निरीक्षण किया गया। केंद्रीय मंत्री द्वारा सबसे पहले खजूरी स्थित एक महिला समूह के पीडीएस दुकान का निरीक्षण किया गया। इसके बाद उन्होंने करमडीह गांव में जाकर वहां के बड़े तालाब का भी निरीक्षण किया। इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री श्री वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आकर महिला वार्ड, प्रसव कक्ष, ओपीडी, कुपोषण केंद्र आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात केंद्रीय मंत्री द्वारा प्रखंड कार्यालय के सभागार में बैठक की गयी। बैठक के पश्चात केंद्रीय मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि वह गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान इसका जवाब देंगे। जबकि उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि पूरे भारत देश में भारत सरकार नीति आयोग द्वारा 500 ब्लॉक को आकांक्षी ब्लॉक घोषित किया गया है, जहां पर केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं संचालित हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला में एक मात्र मझिआंव प्रखंड आकांक्षी प्रखंड है। जहां पर योजनाओं की समीक्षा के लिए मंत्री आये हुए हैं। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय, सीओ प्रमोद कुमार, बीडीओ श्रीमती कनक और रेफरल अस्पताल प्रभारी डॉ गोबिंद सेठ सहित जिलास्तरीय कई पदाधिकारी उपस्थित थे।



## विधायक ने बिरसा मुंडा क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

# ग्रामीण युवकों में प्रतिभा कोई की कमी नहीं : अनंत प्रताप देव

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के रारो स्टेडियम मैदान में बुधवार को बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत की गयी। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव ने फीता काटकर व बल्लेबाजी कर किया। उद्घाटन मैच खेल रहे रारो बनाम डोल टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि ग्रामीण युवकों में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत है उनकी प्रतिभा को निखारने की। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ावें। खेल जगत में आज झारखंड की पहचान महेंद्र सिंह धोनी के नाम लेने से मिलता है।




टूर्नामेंट का पहला मैच रारो और डोल टीम के बीच खेला गया। रारो क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 3 विकेट के नुकसान पर 128 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी डोल क्रिकेट टीम 37 रन पर सिमट गयी। वहीं इस मैच में मैन ऑफ द मैच 58 रन बनाए मिथलेश यादव को दिया गया। इस मौके पर प्रांतीय यादव महासभा ज़िलाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद यादव, बीडीओ देवलाल करमाली, सीओ राजकुमार प्रजापति, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, झामुमो नेता जितेंद्र कुमार ठाकुर, आकाशदीप भारती, आनंद प्रकाश, शिव प्रसाद यादव, नक्शेदी राम, चंद्रशेखर प्रसाद, झामुमो नेता और आयोजक पप्पू यादव, कमिटी के अध्यक्ष जितेंद्र, सचिव शशिकांत, कोषाध्यक्ष शेषमानी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय केतार के सभागार कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीओ प्रशांत कुमार ने आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोतोलन को लेकर बैठक में समय सारणी निर्धारित किये गये। जिसमें प्रखंड मुख्यालय परिसर में 9:00 बजे, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में 9:35 बजे, अंबेडकर चौक केतार बाजार में 9:25 बजे, मध्य विद्यालय केतार में 10:00 बजे झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में 10:10 बजे, आरके पब्लिक स्कूल में 10:20 बजे, लोहिया समता उच्च विद्यालय में 9:45 बजे, प्रखंड संसाधन केंद्र 9:55 बजे, थाना परिसर केतार में 10:30 बजे झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया है। जबकि सभी पंचायत सचिवालय में 09:20 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा।

## भवनाथपुर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घघाटन बीडीओ नंदजी राम, प्रमुख शोभा देवी, मुखिया बेबी देवी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आयोजित प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में कुल 1237 मरीजों का जांच और उपचार किया गया। इस मौके पर डॉक्टर रंजन कुमार दास, डॉ नितीश भारती, डॉ अभिनीत विश्वास, डॉ पंकज पाठक, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप पाठक, डॉ इंद्र किशोर, बीटीटी अनुज गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## सरस्वती पूजा मनाने का लिया गया निर्णय

**गढ़वा(आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में इस वर्ष भी सरस्वती पूजा बड़े धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। विद्या की देवी मां सरस्वती पूजा को लेकर विश्वविद्यालय में सोमवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अजय भूषण व संचालन प्रवीण सिंह प्रशासनिक पदाधिकारी ने किया। बैठक में बीडीएसयू सरस्वती पूजा समिति के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी का चुनाव किया गया। डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह डीएसडब्ल्यू सब प्राचार्य भी सीएस को अध्यक्ष डॉ अमित मिश्रा को सचिव और राकेश कुमार सिंह संपदा पदाधिकारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

## गणतंत्र दिवस पर सभी पेंशनरों से अनुमंडल कार्यालय में उपस्थित होने की अपील

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पेंशनर्स कल्याण समाज के अध्यक्ष केके यादव और सचिव की उपस्थिति एक बैठक आयोजित की गयी। गणतंत्र दिवस समारोह के शुभ अवसर पर अनुमंडल कार्यालय गढ़वा के परिसर में, पुराने को सागर के सामने, निर्मित ध्वजारोहण स्थल पर पूर्वाहन 11:10 बजे से झंडो तोलन करने का निर्णय लिया गया है। ध्वजा रोहन के के यादव, अध्यक्ष के द्वारा किया जायेगा। सभी संगठन के पदाधिकारी और पेंशनरों से अपील की गयी कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर ध्वजारोहण कार्यक्रम में निर्धारित समय के पूर्व भाग लें।

# धनंजय गोंड बने नगर परिषद और बाजार समिति के विधायक प्रतिनिधि

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने शहर के सोनपुरवा मोहल्ला निवासी सह भाजपा नेता धनंजय गोंड उर्फ डबल गोंड को कृषि उत्पादन बाजार समिति और नगर परिषद का विधायक प्रतिनिधि बनाया है। उन्होंने जारी पत्र में उल्लेख किया है कि धनंजय गोंड उक्त विभागों मेरी अनुपस्थिति में सभी प्रकार के बैठक में भाग लेंगे। साथ ही योजनाओं की देखरेख और लोगों को सहायता प्रदान करेंगे। धनंजय गोंड ने कहा कि विधायक ने जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे प्रतिनिधि बनाया है। मैं उनके विश्वास पर खरा उतरूंगा और अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करूंगा। जनता के कार्यों के लिए हर समय उपलब्ध रहूंगा, ताकि विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के अनुपस्थिति में भी लोगों को किसी प्रकार का समस्या नहीं करनी पड़े। वहीं समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों का खास ख्याल रखा जायेगा। उनकी मान सम्मान के लिए दिन रात एक कर दूंगा।



## जविप्र दुकानदार संघ की बैठक

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को जविप्र दुकानदार संघ की बैठक प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में की गयी। प्रखंड के लगभग एक दर्जन ऐसे दुकानदार चना दाल वितरण की समीक्षा में पाये गये, जिनका वितरण प्रतिशत काफी कम पाया गया। उन सभी 9 दुकानदारों को सख्त हिदायत दिये गये कि आप के विरुद्ध क्यों नही दुकान निलंबन की कार्रवाई की जाए। एमओ ने बताया कि दुकानदारों द्वारा चना दाल वितरण में गंभीर लापरवाही बरतने वाले 9 लोगों को निलंबित करने के अनुशंसा की गयी है। नवंबर माह का चना दाल इन्हें दिसंबर माह में उपलब्ध कराया गया था, मगर जनवरी महीना समाप्ति की ओर है और कुछ डीलरों के द्वारा एक परसेंट चना दाल का भी वितरण नहीं किया गया है। स्पष्ट रूप से इसमें राशन डीलर की मनमानी प्रतीत होती है।

## ग्रामीणों ने बीडीओ को आवेदन देकर रोजगार सेवक को हटाने की मांग की

**मेराल।** प्रखंड के पढ़ुआ पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने बीडीओ को लिखित आवेदन देकर मनरेगा तथा अबुआ आवास में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए पंचायत से हटाने का मांग किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि रोजगार सेवक आशीष पांडेय का व्यवहार ग्रामीण जनता से मधुर नहीं है। वे तीन साल से अधिक समय से पंचायत में जमे रहने के बावजूद क्षेत्र में नहीं आते हैं तथा मनरेगा के मास्टर रोल एमआईएस करने में 5% का रिश्वत मांगते हैं। रोजगार सेवक द्वारा ग्रामीणों पर दबाव बनाया जाता है कि 5% कमीशन नहीं दिजिए तो मजदूरी का भुगतान नहीं होगा। इनके वजह से मनरेगा का कार्य अवरूद्ध हो रहा है। ग्रामीणों को किसी जरूरी कार्य के लिए गढ़वा बुलाया जाता है। आवेदन पर छोटन, उपेंद्र ठाकुर सहित करीब 100 ग्रामीण ने हस्ताक्षर किए हैं।

## रंका में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**रंका।** स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बुधवार को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन रंका अनुमंडल पदाधिकारी रूद्र प्रताप, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी असजद अंसारी, डॉ यासीन अंसारी, मदन प्रसाद केशरी डॉ जेपी केशरी और कंचन साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर रक्तदान का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रूद्र प्रताप ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पहल पर पूर्व से रक्तदान किया जाता रहा है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन में युवा वर्ग को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। डॉ यासीन अंसारी ने कहा कि रक्त किसी जाति, धर्म, संप्रदाय का नहीं होता है।

# अनुमंडलीय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में डीएवी की समृद्धि को मिला प्रथम स्थान

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर अनुमंडल स्तरीय भाषा और प्रश्न मंच प्रतियोगिता स्थानीय 10 + 2 राजकीय कृत उच्च विद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें ग्रुप ए में प्रथम अनु कुमारी अध्ययन केंद्र कोचिंग सेंटर, जबकि ग्रुप बी में अक्षिता द्विवेदी, डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर, ग्रुप सी में समृद्धि प्रशांत सहाय डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर, ग्रुप डी में सोनम तिवारी डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जबकि प्रश्नमंच प्रतियोगिता में ग्रुप ए में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर टाउनशिप की सुमित द्विवेदी, सुधांशु शुक्ला, दिव्यांश पांडे ने प्रथम स्थान, जबकि उपविजेता मां नगीना सही महिला महाविद्यालय नगर ऊंटरी के रिशु कुमारी, अर्चना कुमारी, ब्यूटी कुमारी ने प्राप्त किया जबकि ग्रुप बी में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के उत्सव तिवारी, शुभ आदित्य, हंसराज ने प्रथम जबकि उपविजेता सरस्वती विद्या मंदिर नगर उतरी के जयेश कुमार, कुमार आर्यन, अमलेश कुमार लाल ने स्थान प्राप्त किया।



ग्रुप सी में गुरुकुल पब्लिक स्कूल उत्कर्ष चौबे, विपुल राज, आर्यन पांडे, जबकि उपविजेता आरके पब्लिक स्कूल अधौरा और डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर टाउनशिप नई संयुक्त रूप से प्राप्त किया। जिसमें, चंद्रशेखर पाठक, शौर्य प्रताप देव, आदर्श जायसवाल, रिजवान अली, समृद्धि प्रशांत सहाय, अंश कुमार राय के नाम शामिल है। जबकि ग्रुप डी में सरस्वती विद्या मंदिर, के आर्यन कुमार, मयंक कुमार विजेता, जबकि डीएवी के माधव माहेश्वरी, आयुष, बिक्रम सिंह उप विजेता बने। निर्णायक मंडल में शिव लाल चौबे, विंध्याचल शुक्ल, गदाधर पांडे, हृदयानंद प्रसाद,दिनेश कुमार शुक्ल, कमलेश पांडे, आशिक कुमार सिंह, राजनाथ राम।

# प्रशासनिक निर्णयों में आधी-आबादी के सुझाव महत्वपूर्ण : एसडीओ

- ‘कॉफी विद एसडीएम’ में महिलाओं की ओर से आये कई बेहतरीन सुझाव
- अलग-अलग प्रखंडों से कार्यक्रम में पहुंची 60 से अधिक महिलाओं ने रखी अपनी समस्यायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत एक घंटे के विशेष साप्ताहिक कार्यक्रम ‘कॉफी विद एसडीएम’ में बुधवार को अलग-अलग क्षेत्रों से आयीं 60 से अधिक ग्रहणी माताओं-बहनों ने एसडीओ संजय कुमार के समक्ष अपनी शिकायतों व समस्याओं को रखा, साथ ही कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये।

संजय कुमार ने कहा कि ‘कॉफी विद एसडीएम’ कार्यक्रम की यह सातवीं कड़ी में अब तक की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी इसलिए है, क्योंकि इसमें आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हुये ग्रहणियों ने न केवल अपनी निजी समस्यायें, महिलाओं से जुड़ी समस्याओं को रखा बल्कि क्षेत्र की बेहतरी को लेकर कई सुझाव दिये।



बैठक में उठायी गयी समस्याओं में सबसे ज्यादा समस्यायें राशन कार्ड से जुड़ी प्राप्त हुयीं। शोभा केसरी, सुनीता देवी, मीरा देवी, गुड़िया देवी आदि ने बताया कि उनके परिजनों का नाम राशनकार्ड में नहीं जुड़ पा रहा है। कुछ महिलाओं ने राशनकार्ड में सुधार को लेकर हो रही परेशानी को भी रखा। दूसरे नंबर पर मंईयां सम्मान योजना से जुड़ी शिकायतें मिलीं। अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने सभी से कहा कि उनकी चिंताओं और शिकायतों को संबंधित पदाधिकारियों तक भेजकर निस्तारित करने का यथासंभव प्रयास किया जायेगा।

बैठक में कुछ महिलाओं की ओर से बच्चों की फीस की समस्या, आयुष्मान, पेयजल, रोड-नाली, प्रकाश आदि से जुड़े कई अन्याय निजी मामले रखे गये, वहीं कुछ लोगों ने पूरे क्षेत्र की बेहतरी के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। इनमें ज्यादातर सुझाव साफ-सफाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून व्यवस्था से जुड़े हैं।

**जहां-जहां गंदगी के स्पॉट हैं, वहां सीसीटीवी लगे :** सहेजना निवासी प्रज्ञा रश्मि पाठक ने सुझाव दिया कि नगर परिषद के तमाम प्रयासों के बावजूद भी शहर में कई स्थल ऐसे हैं जो गंदगी के स्पॉट बन गए हैं। इसके निदान के रूप में उन्होंने सुझाव दिया कि उन स्पॉट पर सीसीटीवी लगा दिये जाएं और वहां लिख दिया जाये कि जो कचरा फेंकता हुआ सीसीटीवी में पकड़ा जायेगा उस पर जुर्माना लगेगा। ऐसा प्रयास करने से गंदगी से कुछ मुक्ति पायी जा सकती है।

**अटल क्लीनिक में डॉक्टर की मौजूदगी रहे :** शहर के वार्ड 6 से पहुंची कुछ महिलाओं ने बताया कि निमिया स्थान के पास बने अटल क्लीनिक में कभी कोई डॉक्टर नहीं आता है, इस पर कई अन्य महिलाओं ने भी अपने-अपने क्षेत्र की इसी समस्या को दोहराया। सभी ने सुझाव दिया कि यदि सप्ताह में एक दिन भी कोई चिकित्सक अटल क्लीनिक में आता है तो स्थानीय लोगों को उनके द्वार पर ही स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो जाने से बड़ी राहत मिलेगी।

**महिलाओं के लिए सार्वजनिक यूरीनल लगाये जाएं :** लगभग सभी महिलाओं ने एक स्वर में मांग रखी कि गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के लगभग सभी शहरी इलाकों में महिलाओं के लिए यूरिनल अधिष्ठापित किए जाएं। सभी की समस्याओं और सुझावों को सुनने के उपरांत एसडीओ ने सभी को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा रखी गयी सभी बातों पर तथा संभव अमल किया जायेगा।

# प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन भंडरिया प्रखंड प्रमुख रुकमणी कुमारी, उप प्रमुख श्रद्धा देवी, मुखिया विनय सिंह, झारखंड मुक्तिमोर्चा प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, सांसद प्रतिनिधि रूपनिरंजन सिंहा और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में करीब 534 मरीज का जांच कर निःशुल्क दवा वितरण किया गया। जानकारी देते हुए चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ने कहा कि इस शिविर में मुख्य रूप से कुल 16 स्टाल लगाये गये थे। जिसमें परिवार नियोजन कार्यक्रम, धूम्रपान और तंबाकू सेवन का दुष्प्रभाव, कैंसर नियंत्रण जागरूकता, योगा यक्ष्मा नियंत्रण, चिकित्सा ईएनटी मोतियाबिंद अंधापन की रोकथाम, मातृ स्वास्थ्य बाल स्वास्थ्य टीकाकरण डायबिटीज उच्च रक्तचाप पोषण परामर्श मलेरिया फलेरिया कुष्ट उन्मूलन सहित आदि स्टॉल लगाकर मरीजों के जांच की गयी। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस तरह के कार्यक्रम से हमारे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी लाभ पहुंचेगा। इस मौके पर भंडरिया प्रमुख ने अपने संबोधन में ग्रामीणों से स्वास्थ्य मेला और स्वास्थ्य शिविर से अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेने के लिए अपील की गयी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर एस आई खान, डॉ अजय पटेल सिंह, डॉ विकास कुमार गुप्ता, डॉ प्रभु कुमार, डॉ दयानंद प्रभाकर, डॉ अमित, डॉ पंचानंद पासवान, डॉ सोनी केरकेट्टा, डॉ पुष्पलता, डॉ संध्या किरण, बिलुंग शाहिद स्वास्थ्य कर्मी और स्वास्थ्य मौजूद थे।



# अवैध माइनिंग के मामले में आजसू नेता हरेलाल महतो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** विधानसभा क्षेत्र से बीते चुनाव में एनडीए प्रत्याशी रहे आजसू नेता हरेलाल महतो को सरायकेला कोर्ट के आदेश पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। हरेलाल महतो पर खनन से जुड़े एक मामले में केस दर्ज किया गया था। यह गिरफ्तारी कोर्ट के आदेश पर हुई है। इसके साथ ही पुलिस ने हरेलाल महतो के चालक को भी गिरफ्तार किया है।हालांकि, हरेलाल महतो के गिरफ्तारी और जेल भेजे जाने संबंधित खबर की पुष्टि प्रशासनिक स्तर पर नहीं की गयी है, लेकिन बताया जाता है की पूरी कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर की गई है। जिसमें आजसू नेता हरेलाल महतो और उनके चालक को गिरफ्तार किया गया है। इससे पूर्व पुलिस ने सरायकेला सदर अस्पताल में हरेलाल महतो और चालक का मेडिकल जांच करने के बाद सरायकेला जेल भेजा है।



**पूर्व में भी हरेलाल महतो हो चुके हैं गिरफ्तार**

तकरीबन 3 वर्ष पूर्व कोरोना लॉकडाउन के दौरान मेला आयोजित करने के आरोप में हरेलाल महतो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसके अलावा लगातार अवैध पत्थर माईनिंग, विस्फोट जैसे कई अवैध गतिविधि में हरेलाल महतो शामिल रहे हैं।इतना ही नहीं, नक्सली गतिविधयों को संरक्षण देने का आरोप भी हरेलाल महतो पर लग चुके हैं।बहरहाल इस मामले में चालक के साथ आजसू नेता की गिरफ्तारी का मामला तेजी से क्षेत्र में चर्चा का विषय बनता जा रहा है।

## बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में स्मार्ट हेल्थ कार्ड के लिए शिविर का आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में बुधवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पिपरवार क्षेत्र में कार्यरत सीसीएल अधिकारियों और कर्मचारियों का स्मार्ट हेल्थ कार्ड बनाने का काम किया गया। इस शिविर मे सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस रांची और केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर की टीम ने स्थानीय सीसीएल कर्मियों और अधिकारियों का हेल्थ स्मार्ट कार्ड बनाया। शिविर मे हेल्थ स्मार्ट कार्ड बनाने के लिए काफी संख्या में सीसीएल कर्मचारी और अधिकारी अपने परिजनों के साथ पहुंचे। इस दौरान सर्विस सीट के रिकॉर्ड में कई कर्मियों और उसके परिजनो के नाम और उम्र मे त्रृटि होने से कर्मियों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। शिविर में कुल 210 सीसीएल कर्मियों एवं अधिकारियों का स्मार्ट हेल्थ कार्ड बनाया गया। इस संबंध में बचरा क्षेत्रीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एफआर शाह ने बताया कि सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के निर्देश पर सीसीएल में कार्यरत सभी कर्मियों का हेल्थ स्मार्ट कार्ड बनाया जा रहा है। सर्विस सीट के रिकॉर्ड में कुछ त्रुटि होने के कारण कर्मियों को परेशानी हो रही है, लेकिन इसे ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पुनः इस तरह के शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर को सफल बनाने मे सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अधिकारी, कर्मचारी, अस्पताल के चिकित्सक और स्टाफ एवं गांधीनगर और हेडक्वार्टर से आयी टीम का अहम योगदान रहा।

## मानव जीवन का अभिन्न अंग है खेलकूद : सुदीप गुड़िया



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** रनिया प्रखंड के आरसी प्राथमिक मध्य विधायल सोदे में बुधवार को वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन स्कूल प्रबधन की ओर से किया गया। महोत्सव में तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अंगवसत और गुजदस्ता देकर विधायक का स्वागत किया गया। मौके पर विधायक ने ऐसे कार्यक्रमों के लिए आयोजन समिति और विद्यालय प्रबंध समिति को धन्यवाद दिया। मौके पर विधायक ने बच्चों से कहा कि आप मन लगकर पढ़ाई करें और अनुशासन में रहकर सभी काम करें, आपको सफलता जरूर मिलेगी। विधायक ने कहा कि मनव जीवन के लिए जिस प्रकार भोजन-पानी जरूरी है, उसी प्रकार खेलकूद भी हमारे जीवन के अभिन्न अंग है। अब तो युवा खेल में भी अपना भविष्य बना रहे हैं। कार्यक्रम में प्रधानचार्य, सिप्रियन डांग, फादर गब्रियल बारला, माधुरी समद, टेरेसा कुजूर, मरिया टोपनो, देवनाथ मधैया, जिब्राइल मियां, राहुल केशरी, अरमान टोपनो, सुहैल खान, अमित बडिंग आदि मौजूद थे।

## टुसू मेला में खूब थिरके विधायक राम सूर्या मुंडा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नामकुम पंचायत के हुआंगहाातु गांव में बुधवार को टुसू मेला और फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा मौजूद थे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मौके पर आयोजित टसु महोत्सव में विधायक भी जमकर थिरके। उपस्थित रोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि विधायक बनने के बाद पहली बार में हुआंगहातु पंचायत आया हूं। उन्होंने कहा कि जब भी मेरी जरूरत पड़े, आप संपर्क कीजिए, आपकी समस्याओं के समाधान का हर संभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने युवक-युवतियों का आह्वान किया कि आप खूब पढ़े और अपने गांव और जिले का नाम रोशन करें। किसानों को मिलेगा उचित मुआवजा इसके पूर्व विधायक ने जियारप्पा हुटार बाजार टांड़ में आयोजित जनसभा को भी संबोधित किया। बैठक में लोगों ने विधायक के समक्ष खूंटी में प्रस्तावित बाइपास सड़क के निर्माण से उत्पन्न समस्याओं को रखा। किसानों का कहना था कि सड़क के लिए उनकी जमीन ली जा रही है, लेकिन उसका अचति मुआवजा नहीं मिल रहा है। जो कीमत उन्हें मिलनी चाहिए, वह रैयतों को नहीं मिल रही है। मौके पर विधायक ने कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से ही मैं आज विधायक बना हूं और आप लोगों की समस्याओं को दूर करना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं दूर किया जायेगा और उचित मुआवजा दिलाने का हर संभव प्रयास किया जायेगा।

## खूंटी में एकल अभियान का दस दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग शुरू



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** एकल अभियान दक्षिण झारखंड सम्भाग अंचल खूंटी का दस दिवसीय नवीन आचार्य अभ्यास(प्रशिक्षण) वर्ग 22 से शुरू हो गया। इसका समापन 31 जनवरी को होगा। प्रशिक्षण में 11 संचों से 40 नवीन आचार्य बधु-भगिनी भाग ले रहे हैं। अभ्यास वर्ग का विधिवत उद्घाटन बालमुकुंद कश्यप (दक्षिण झारखंड सम्भाग उपाध्यक्ष) ने किया। मौके पर ज्योतिष भगत, अंचल समिति अध्यक्ष मनोज कुमार, अंचल समिति उपाध्यक्ष निखिल कंडुलना, संच समिति कोषाध्यक्ष जय कुमार यादव, अंचल अभियान प्रमुख बिरेंद्र मुंडा, अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षक सुंदर पाहन, अंचल कार्यालय प्रमुख प्रदीप महतो, अंचल व्यास आदि उपस्थित थे।

## विधायक अमित महतो ने लगाया जनता दरबार

**मुरी (आजाद सिपाही)।** बुधवार को विधायक अमित महतो ने लोटा पंचायत में जनता दरबार का आयोजन किया जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने आबुआ आवास, वृद्धा पेंशन, मैया सम्मान योजना आदि से संबंधित कई समस्याएं लेकर पहुंचे और विधायक ने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक ने उच्च विद्यालय लोटा का निरीक्षण किया और छात्र-छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं से वातालर्प भी किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार, रविंद्र नाथ मुंडा, बलराम महतो, कार्तिक चंद्र महतो, गुहिराम महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

# भारत माता पूजनोत्सव के अंतिम दिन प्रतिमा का अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता









**बुंडू।** भारत माता पूजनोत्सव सह अनावरण समारोह के अंतिम दिन भारत माता चौक में भारत माता की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित होने से पहले केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा प्रधान नगर स्थित भगवान सुर्य मंदिर पहुंचे और भगवान भुवन भास्कर का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात कार्यक्रम स्थल पहुंचे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि राम मंदिर का शिलान्यास का वर्षगांठ हिंदी माह के अनुसार 11 जनवरी को मना चुके हैं, लेकिन अंग्रेजी माह के अनुसार 22 जनवरी को मना रहे हैं। बहुत से लोगों को भारत माता की जय कहने में शर्म आती है, जबकि कारगील युद्ध में विक्रम बत्रा के सीने में कई गोलियां लगने के बाद भी भारत माता की जय बोल कर पाकिस्तान युनिट का सफाया कर रहे थे ये है। पुर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत माता का मंदिर यहां बना, यहां के लोगों का भारत माता के प्रति अपनी श्रद्धा है जिसके कारण यहां मंदिर बन पाया। इस मौके पर आयोजन समिति के मुख्य संयोजक प्रमोद कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, और आज उनकी उपस्थिति ने इस अवसर को ओर विशेष बना दिया है। इस मौके पर राम दुर्लभ सिंह मुंडा, रौशन महतो, अरूण जैन, सत्यनारायण भगत, विनय सिंह मुंडा, मोहित मुखर्जी, अंकित जैन, गुड्डू महतो, दिलीप महतो, राणा पाल, जीतु कुमार, अर्जुन महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए हजारों लोगों ने इस अनावरण समारोह का गवाह बने।

## गांव-देहात के लोगों को भी मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा : कालीचरण





**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करना हर नागरिक का अधिकार है। सरकार भी प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो। सांसद बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य मारंगहादा में आयोजित स्वास्थ्य मेला का दीप जलाकर उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। सांसद ने कहा कि गांव-देहात में आज भी स्वास्थ्य सुविधा का अभाव है और चिकित्सकों की भारी कमी है। सरकार का प्रयास है कि गांव के लोगो को भी वैसी चिकित्सा सुविधा मिले, जो शहर के लोगों को मिलती है। सांसद ने कहा कि डॉक्टर और चिक्सिा कर्मी भी ईमानदारी पूर्वक गांव वालों की सेवा करें और उनके स्वास्थ्य का खयाल रखें। कालीचरण मुंडा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी हर समस्या के समाधान का प्रयास किया जायेगा। **स्वास्थ्य केंद्र का लाभ उठायें ग्रामीण: डॉ आलोक बिहारी** स्वास्थ्य मेला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमार आलोक बिहारी ने कहा कि मांरगहादा स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को हरसंभव चिकित्सा सेवा दी जाती है। उन्होंने कहा कि गांव वाले स्वास्थ्य क्रेद्र में मिल रही चिकित्सा समविधा का लाभ उठायें। डॉ आलोक बिहारी ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में 578 मरीजों की जांच की गयी और उन्हें निःशुलक दवा दी गयी। साथ ही कई लोगों की जांच की और जरूररमंदो को चश्मा दिया गया। मौके पर डॉ नमिता टोपनो, डॉ एरोन होरो, खूंटी के प्रमुख छौटराय मुंडा, कांग्रेस के जिलाध्यख रवि मिश्रा, विल्सन टोपनो आदि उपस्थित थे।

## खलारी में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में सुनी गयीं समस्याएं



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को पुलिस और प्रशासन द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस केंद्र का उद्देश्य खलारी, मैकलुस्कीगंज और बुढ़मू थाना क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें प्रशासनिक मदद प्रदान करना था। शिकायत समाधान कार्यक्रम में पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। इस केंद्र में लोगों को अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के सामने रखने का अवसर मिला। यहां भूमि विवाद, सड़क समस्याएं, सामाजिक सुरक्षा से संबंधित मुद्दे और अन्य प्रशासनिक समस्याओं को उठाया गया। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर त्वरित समाधान की दिशा में कदम उठाने का आश्वासन दिया। पुलिस विभाग ने खासतौर पर कानून व्यवस्था, सुरक्षा, महिला अपराधों और बच्चों से संबंधित मुद्दों पर जन जागरूकता के लिए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया था। वहीं, अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट ने भूमि संबंधी मामलों को सुना और उचित सलाह दिया। जन सुनवाई केंद्र में अनेक स्थानीय लोग आकर अधिकारियों से अपनी समस्याओं का समाधान लिये। डीएसपी आरएन चौधरी ने कहा कि इस तरह के केंद्रों से आम जनता और प्रशासन के बीच संवाद बढ़ता है। कार्यक्रम में खलारी थानाक्षेत्र का पांच, मैकलुस्कीगंज थाना का छह और बुढ़मू थानाक्षेत्र का छह मामला आया। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी, अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अम्बष्ट, खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार, बुढ़मू थाना प्रभारी रितेशकुमार महतो के अलावा एसआई दीपक कुमार,अनि देवकुमार दास, सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# दशम फॉल थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के मामले में दो व्यक्ति को गिरफ्तार


आजाद सिपाही संवाददाता

**तैमारा।** दशम फॉल थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के मामले में दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने प्रेस वार्ता कर कहा कि 18 जनवरी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कुचीडीह के आसपास जंगल झाड़ के बीच काफी मात्रा में अफीम की खेती की जा रही है। इस सूचना के सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा सूचना सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल के साथ कुचीडीह गांव पहुंचा तो पाया कि लगभग 6 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम की खेती की गयी है। उक्त जगह पर अवैध अफीम की खेती को विनाश किया गया और दशम फॉल थाना में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। जिसमें दो लोगों की गिरफ्तारी की गयी। इनमें से चैतन मुंडा पिता स्व हरि मुंडा और दूसरा सोनाराम मंडा पिता जोगेश्वर मुंडा दोनों दशम फॉल थाना क्षेत्र के कुचीडीह गांव के रहने वाले हैं।





### पुलिस ने अनुमंडल क्षेत्र में 57 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया



**बुंड (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने बुधवार को अनुमंडल क्षेत्र में कुल 57 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। बुंडू थाना क्षेत्र में लगभग 14 एकड़ भूमि पर और दशम फॉल थाना क्षेत्र में लगभग 3 एकड़ भूमि पर और तमाड़ थाना क्षेत्र में लगभग 36 एकड़ भूमि पर, राहे थाना क्षेत्र में लगभग 4 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट करने के साथ लोगों को जागरूक भी किया गया। इस अभियान में बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश, बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा, तमाड़ थाना प्रभारी रौशन कुमार, दशम फॉल थाना प्रभारी प्रशांत गौरव, राहे थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह, विकास के अलावे जैप और सैप के जवान शामिल थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**मुरी (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ प्रियंका सिन्हा और डॉ विवेक कुमार ने शिविर में आये लोगों को स्वास्थ परामर्श दिये और जांच कर दवा का उपयोग करने को कहा। इस शिविर में आयुष्मान कार्यक्रम, कुष्ठ जांच, मलेरिया, फाइलेरिया, दंत चिकित्सा, पेयजल, युवा मैत्री कार्यक्रम, नेत्र जांच, परिवार नियोजन, बीपी, शुगर, खून जांच, मातृत्व स्वास्थ्य, बाल चिकित्सा, टीवी, पोषण परामर्श, नशामुक्ति जागरूकता, टीकाकरण का लोगों ने लाभ उठाया। मौके पर स्वास्थ्य केंद्र को फूल मालाओं के तोरण द्वार से सजाया गया था तथा सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## बिरहोरों के बीच कंबल वितरण किया गया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के अमनबुरु गांव में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी और अंचल अधिकारी हंस कुमार हेंब्रोम के संयुक्त रूप से बिरहोरों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर हुमटा पंचायत मुखिया द्रौपदी मुंडा और वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## झारखंड राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व सुधीर महतो की पुण्यतिथि मनायी गयी



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलन के अगुआ नेता और झारखंड राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय सुधीर महतो की पुण्यतिथि पर ईचागढ़ विस क्षेत्र अंतर्गत चांडिल गोलचक्कर और ईचागढ़ प्रखंड अंतर्गत झारुवा मोड़, सालुकडीह और रामनगर बिस्टाटांड़ पर झामुमो पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनके याद में एक मिनट की मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर सीएम के मामा गुरुचरण किस्कू, चारूचांद किस्कू, सुधीर किस्कू, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, दिलिप किस्कू,भुगलू सोरेन, धर्मु गोप, सुदामा हेम्ब्रम, निताई उरांव, अभय यादव, किशुन किस्कू, गुप्तेश्वर महतो, अघोर महतो, पंचानन पातर, पशुपति बागची, हरेंद्र नाथ महतो, बिभीषण महतो, भीष्मदेव महतो, हृदय रंजन महतो, रामेश्वर उरांव, महादेव उरांव, कान्हाई बेसरा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप बोलपुर के लिए सिल्ली के 10 तीरंदाजों का चयन



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए चयन प्रतियोगिता जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में दिनांक 22 जनवरी को आयोजित की गयी थी। जिसमें सिल्ली सेंटर, बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी और जोनहा सेंटर से कुल 10 तीरंदाजों जो का चयन किया गया है। रिकर्व गर्ल्स डिवीजन में एकेडमी की तमन्ना वर्मा, सावित्री कुमारी, कंपाउंड गर्ल्स डिवीजन में सिल्ली सेंटर की सोनाली उरांव, अंजु गाड़ी, और एकेडमी की निवेदिता घोष, कंपाउंड बॉयज डिविजन में एके-डमी के कृष चंद्र देव। इंडियन राउंड गर्ल्स में जोन्हा सेंटर की मनीषा कुमारी और सिल्ली एकेडमी की वर्षा खलखो का चयन होने पर रांची जिला तीरंदाजी संघ की अध्यक्ष नेहा महतो, डायरेक्टर स्पोर्ट्स संदीप कुमार, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह, रांची जिला तीरंदाजी संघ के सचिव चंचल भट्टाचार्य, हिंडाल्को के अरुण राय और सीएसआर हिंडाल्को के अनिल कुमार के साथ-साथ जिला के तमाम खेल प्रेमियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## जनता की बातों से अवगत हुए विधायक



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** सोनाहात प्रखंड अंतर्गत सिल्ली विधानसभा विधायक अमित कुमार महतो ने सोनाहातु गांव में जनता दरबार लगाया। जिसमें लोगों की समस्या को सुना और विधायक ने यह भी कहा कि चुनाव से पहले आपने बहुत सारे काम के बारे में बताते थे मगर अब हम आपके समक्ष काम करने के काबिल हो गये हैं। हमें आप लिखित रूप पर आवेदन दे, ताकि हम आपके समस्या का निष्पादन कर पाये। उसी बीच डोमन अहिर ने गाना गाकर और बांसुरी बजाकर जनता दरबार को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख विक्टोरिया देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार, अंचल अधिकारी मनोज माहथा, सुरेश चंद्र महतो, इशरात परवीन, कृष्ण सिंह मुंडा और सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## बीएम पब्लिक स्कूल कोड़ाडीह में वार्षिकोसत्व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न





**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** बीएम पब्लिक स्कूल कोड़ाडीह, सोनाहातू का बुधवार को बार्षिकोसत्व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि कुरमाली भाषा परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो उपस्थित थे। महतो ने कहा कि ऐसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम से स्कूल संचालित होने से संचालक की काफी प्रशंसा और सराहनीय कार्य बताया। डॉ महतो ने कहा कि गरीब लोग एक शाम का खाना खाएं, लेकिन बच्चे को जरुर पढ़ायें, पठन-पाठन में खर्च अवश्य होगी। मौके पर सत्यनारायण महतो, दिनेश चंद्र महतो, देवेंद्र नाथ महतो, हिकिम सिंह मुंडा, प्रसिद्ध महतो, पंचानन महतो, ठाकुर महतो, ठाकुर प्रसाद अहीर, अर्जुन प्रसाद सिंह, शिक्षक सुचांद महतो, कृष्ण सिंह मुंडा समेत स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे। मंच संचालन प्राचार्य देवकिशन महतो ने किया।

## कुकडू में एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** कुकडू हाट तोला मैदान के समीप एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन बुधबार को किया गया है। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, कुकडू अंचलाधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान, तिरुलडीह पीएचसी प्रभारी डॉ हरेंद्र सिंह मुंडा ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में सामान्य जांच, टीबी, मलेरिया जांच, कुष्ट रोग जांच, ब्लड शुगर, ब्लड जांच, किशोरी स्वस्थ, परिवार नियोजन, आयुष्मान कार्ड, योगा समेत कुल 15 स्टॉल लगाया गया था। हम सभी को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। वहीं, तिरुलडीह पीएचसी के प्रभारी डॉ हरेंद्र सिंह मुंडा ने कहा कि लोग छोटी-छोटी बीमारी होने पर झाड़-फूंक का सहारा लेते हैं। तिरुलडीह पीएचसी में जरुरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों के स्वास्थ्य के लिए कई कार्यक्रम और योजनाएं भी चला रही है, बस लोगों में जागरूकता लाने की जरुरतहै। स्वास्थ्य मेला में आइसीडीएस की सुपरवाइजर मीनाक्षी पांडेय, कुकडू पंचायत की मुखिया राधिका सिंह मुंडा, डॉ अनुपम घोषाल, डॉ रवि सिंह, डॉ नीलम भूषण आदि उपस्थित थे।

## नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है: कविता



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बाढू पंचायत के नवाटोली पंचायत भवन में डालसा की ओर से बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आठ मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर चर्चा की गयी। झालसा के निर्देश व न्यायायुक्त सह रांची डालसा के दिवाकर पांडेय के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुई। इसमें एलएडीसी अधिवक्ता कविता कुमारी खाती, पीएलवी जमिल अख्तर, बबिता कुमारी, देवंती कुमारी, भानु देवी के साथ विधि के छात्र-छात्राएं श्रृजन मिश्रा, उन्नाभ राज, स्मृति झा, तनिषा चौधरी, अमेया विक्रम सिंह एवं राजा वर्मा मौजूद थे। एलएडीसी अधिवक्ता कविता कुमारी खाती ने नशा उन्मूलन पर विशेष बल देते हुए कहा कि नशा एक गंभीर समाजिक बुराई है। नशा से इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही खत्म हो जाता है। नशे के लिये समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और ध्रूमपान (बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, चिलम) सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थो का उपयोग किया जा रहा है। इन जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि तो होती है। सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। जागरूकता के तहत जे एक्ट, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, बाल विवाह अधिनियम और डायान बिसाही जैसे अंधविश्वास से दूर रहने की सलाह दी गई। वक्ताओं ने कहा कि डायन बिसाही के नाम पर प्रताड़ित करना अपराध है। वहीं, पीएलवी जमिल अख्तर व बबिता कुमारी ने सड़क दुर्घटना संबंधित कानून, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में लोगों से इससे संबंधित आवेदन देने को कहा। बतातें चलें कि, 22 फरवरी को आयोजित होनेवाले विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत की भी जानकारी दी गयी। उक्त लोक अदालत में वादकारी उपस्थित होकर मध्यस्थता के माध्यम से अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं। आठ मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में पीएलवी द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटारा करा सकते हैं, जिससे समय व धन की बचत होगी। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामलों के साथ ही भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। इसकी जानकारी डालसा सचिव ने दी।

## बेड़ो से वृद्ध लापता, थाना में शिकायत दर्ज



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के तेतर टोली से गुरुचरण लोहरा नामक 74 वर्षीय वृद्ध अचानक लापता हो गये। उनके चचेरे भाइ कृष्णा लोहरा ने बेड़ो थाने में भाई की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। कृष्णा लोहरा ने बताया कि गुरुचरण लोहरा 15 जनवरी को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी के हसीमारा काल चीनी स्थित मलांगी चाय बागान से उनके घर आये थे। वहां से 17 जनवरी को बेड़ो के तेतर टोली स्थित अपने फुआ दुखनी देवी के घर पहुंचे। वहां से 18 जनवरी को फुआ के घर से गाड़ी भाड़ा का पैसा लेकर जलपाईगुड़ी जाने के लिए निकले लेकिन अभी तक अपने घर नहीं पहुंचे हैं। काफी खोजबिन के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तो थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया है। वहीं, पुलिस ने मामला दर्ज कर वृद्ध की तलाश शुरू कर दी है।


## बेड़ो थाना परिसर में जनशिकायत समाधान शिविर आयोजित

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में बुधवार को जनशिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें थाना क्षेत्र के 16 व नरकोपी थाना क्षेत्र से एक मामला के छानबीन करते हुए समाधान किया गया। शिविर में बेड़ो एवं नरकोपी के ग्रामीणों ने पदाधिकारियों के समक्ष विभिन्न मामलों को लेकर अपनी शिकायत दर्ज करायी। जिसका समाधान किया गया। इस मौके पर बेड़ो के डीएसपी अशोक कुमार राम, सीओ प्रताप मिंज, पुलिस निरीक्षक उत्तम उपाध्याय, बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह व नरकोपी थाना के एएसआई कंचन कुमार सिंह, अक्षय कुमार सिंह, मुखिया सुशांति भगत आदि मौजूद थे।

## जलछाजन यात्रा की सफलता को लेकर बेड़ो में बैठक

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** जलछाजन यात्रा की सफलता को लेकर बुधवार को प्रखंड सभागार में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप ने की। कार्यक्रम की सफलता को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बीडीओ राहुल उरांव ने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। झारखंड में इसकी शुरूआत बेड़ो प्रखंड से की जा रही है। हमारा सामुहिक प्रयास हो कि यह कार्यक्रम शत प्रतिशत सफल रहे। इसकी सफलता हम सभी की जिम्मेदारी है। वहीं, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए इसे सफल बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, मुखिया रमेश उरांव, लक्ष्मी कोया, सुशांति भगत, बुधराम बाड़ा, जेएसएलपीएस के मुकेश कुमार, कुलदीप उरांव, प्रधान लिपिक फारूक नदीम, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कुमार रितेश, कनिय अभियंता सद्दाम हुसैन, दुर्गा टाना भगत, अभय आशीष कोया, सुरेश लिंडा आदि उपस्थित थे।

## मनोज सिंह ने जरूरतमंद महिलाओं के बीच कंबल बांटे



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता सह सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह ने बुधवार को लोवाडीह के बेल बगान क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किया। प्रभु दयाल बड़ाइक के आवास पर उन्होंने दर्जनों महिलाओं के बीच कंबल बांटा। मनोज सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना भगवान की सेवा करने के समान है। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी से विभिन्न स्थानों पर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, ताकि गरीब और बेसहारा लोगों को ठंड से बचाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान प्रभु दयाल बड़ाईक, अरुण तिवारी आदि उपस्थित थे।

# लापुंग में सिर व दोनों पैर काटकर महिला की हत्या

## लतरातू डैम में पत्थर के सहारे डुबोया, बोरे में बंद मिला शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** थाना क्षेत्र के लतरातू डैम से बुधवार को बोरे में बंद एक महिला का शव बरामद होने की सूचना है। ग्रामीणों की मानें तो लतरातू डैम में पत्थर से बंधे एक बंद बोरे में देखा गया, जिसमें महिला का शव था। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना लापुंग पुलिस को दी। खबर पाते ही लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने निर्देश पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंच गयी। शव को पानी से बाहर निकाला गया। शव का सिर और दोनों पैर नहीं होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी है। लापुंग पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। साथ ही मामला दर्ज कर शव की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाने में जुट गयी है।



शव का पंचनामा करती पुलिस और आसपास खड़े ग्रामीण।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता विद्यार्थियों की प्रतिभा को सामने लाने का प्रयास : जैलेंद्र

## खेल जीवन में अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं : प्राचार्य

### जसपुरिया बीएड कॉलेज का एनुअल स्पोर्ट्स मीट शुरू

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जसपुरिया बीएड कॉलेज में बुधवार से दो दिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स मीट शुरू हुआ। इसका उद्घाटन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार एवं कालेज के प्रिंसिपल डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने किया। मशाल जलाकर व गुब्बारा छोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसका आयोजन कैंपस परिसर में नवनिर्मित दामोदर महतो स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। संचालन 2024-26 बैच के प्रशिक्षु आशा सरस और रोज एक्का ने किया।



इस अवसर पर जैलेंद्र कुमार ने कहा कि एनुअल स्पोर्टस (वार्षिक खेलकूद) आपकी प्रतिमा को सामने लाने का एक प्रयास है। पढ़ाई के साथ ही स्पोर्टस एक्टीवीटी में आपकी सक्रियता होनी चाहिए। स्पोर्टस एक्टीवीटी आपको सकारात्मक रखेगा जिससे बेहतर परीणाम दे सकेंगे। वहीं, प्राचार्य डॉ अनिल मिश्र ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं। निदेशक डॉ शालिनी प्रिया ने कार्यक्रम की सराहना की और सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इस मौके पर हर्ष राज आदि उपस्थित थे।

### विजेताओं की सूची

रिले रेस की विजेता मनीषा लकड़ा (2024-26), द्वितीय पुरस्कार अनीमा तिर्की (2023-25), तृतीय स्नेहा कुमारी (2023-25), जलेबी रेस विजेता दीपिका लकड़ा (2024-26), द्वीतीय स्थान प्रियंका लकड़ा (2023-25), तृतीय पुरस्कार प्रियंका दिग्गी (2023-25), इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट विजेता चाणक्य हाउस, उपविजेता अरस्तू हाउस की टीम रही। वहीं, रेफरी की भूमिका किशन कुमार एवं रोहित महतो ने निभाया।

## आदिवासी 21 पड़हा पिस्का नगड़ी की बैठक



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड कार्यालय के समीप इंद जतरा मैदान में बुधवार को आदिवासी 21 पड़हा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता आदिवासी 21 पड़हा के अध्यक्ष विजय धान ने किया। इसमें विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गयी। बताया गया कि 27 जनवरी को सिरासिता नाले दर्शन एवं पूजा के लिए ओरमांझी प्रखंड के सदमा गांव के सरना स्थल से 150 सदस्यीय जत्था पैदल यात्रा कर रहें हैं। इनका पहला पड़ाव नगड़ी के देवरी गांव में होगा। जिनका स्वागत नगड़ी प्रखंड के कोलाम्बी मोड में पड़हा के सदस्य एवं नगड़ी प्रखण्ड के सरना धर्मावलंबियों द्वारा किया जाएगा। बैठक में दूसरे प्रस्ताव के रूप में 23 फरवरी को दिल्ली के संविधान सभा भवन में प्रतिनिधि सभा और 24 फरवरी को दिल्ली के जंतर मंतर में सरना धर्म कोड को लेकर धरना देने का निर्णय लिया गया। बैठक में संयुक्त रूप से आदिवासी 21 पड़हा के सभी सदस्यों ने सभी समुदाय के लोगों से सहयोग करने का आह्वान किया है। बैठक का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कच्छप एवं धन्यवाद ज्ञापन नारो पंचायत के पूर्व मुखिया पंचम प्रेम किस्पोट्टा ने किया। इस मौके पर राहुल टोप्पो, सुरेश उरांव, मंगल उरांव, विलियम उरांव, शंकर कच्छप, विमल उरांव, रंजीत तिर्की, कर्मा मुंडा, सुदेश लकड़ा, कुशल उरांव चुंडा लकड़ा, किन्दूवा कुजूर एवं घासिया मुंडा आदि उपस्थित थे।

## विशेष ग्राम सभा में कई विकास योजनाएं पारित

**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गड़गांव पंचायत सचिवालय में बुधवार को प्रशासन की ओर से आयोजित विशेष ग्राम सभा में कई विकास योजनाएं पारित की गई। ग्राम पंचायत विकास योजना 2025-26 अभियान के तहत मनरेगा, 15वें वित आयोग, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल स्वच्छता सहित नौ विषयों की परियोजनाओं का चयन किया गया। बीडीओ प्रवीण कुमार ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ सजग रह कर उठाने की अपील की।

## मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मिल कर वक्फ कानून संशोधन बिल पर हस्तक्षेप की मांग

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी मुस्लीम अधिकार मंच की एक टीम ने बुधवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मुलाकात कर उनसे वक्फ कानून संशोधन बिल 2024 पर तत्कात हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए पत्र सौंपा। मुस्लिम समाज के अधिकारों के लिए वक्प संसोधन बिल को हानिकारक बताते हुए इसे पुनर्विचार के लिए केंद्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने की अपील की। इस दौरान मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने आश्वस्त किया कि वे इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शीघ्र ही मुलाकात करेंगे और व्यक्तिगत रूप से इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के सामने रखेंगें। उनसे आग्रह करेंगें कि वे वक्फ कानून संशोधन बिल पर झारखंड की स्थिति को केंद्र के समक्ष रखकर तत्काल बैठक बुलाएं। स्वास्थ्य मंत्री ने मंच को भरोसा दिया कि वे इस मामले को गंभीरता से लेंगे और मुस्लिम समुदाय के अधिकारों की सुरक्षा के लिए सरकार की ओर से हर संभव कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा



कि झारखंड सरकार किसी भी स्थिति में अपने नागरिकों के अधिकारों की अनदेखी नहीं करेगी, खासकर जब यह उनके धार्मिक और सामाजिक अधिकारों की बात हो। बता दें कि नौ फरवरी को वक्फ कानून संशोधन बिल के खिलाफ इटकी में मुस्लीम अधिकार मंच ने विशाल आम सभा बुलायी है। वहीं, मांग पत्र सौंपने वालों में मुस्लिम अधिकार मंच के राष्ट्रीय महासचिव आजम अहमद, कार्यकारी उपाध्यक्ष मोहम्मद मुरतजा आलम, केंद्रीय प्रवक्ता जुबेर अहमद, और केंद्रीय अध्यक्ष अफसर इमाम , प्रदेश युथ कांग्रेस कोऑर्डिनेटर आरिफ रजा सहित अन्य लोग शामिल थे।

## संविधान गौरव अभियान के तहत चटकपुर में विचार संगोष्ठी आयोजित

# संविधान हमारी आत्मा व देश की मजबूत बुनियाद है : राकेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** संविधान गौरव अभियान के तहत बुधवार को चटकपुर गांव में भाजपा रांची जिला ग्रामीण की ओर से विचार संगोष्ठी आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने की। इसमें संविधान गौरव अभियान के उद्देश्यों और संवैधानिक मूल्यों की मजबूती पर चर्चा की गई। संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान हमारी आत्मा और देश की मजबूत बुनियाद है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने समाज को बांटा, वही आज भाजपा पर आरोप लगा रहे है। कांग्रेस ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न नहीं दिया और उन्हें अपमानित करने का प्रयास किया। पर भाजपा हमेशा संविधान का सम्मान करती आई है और इसे संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं, पूर्व विधायक समरीलाल ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य संविधान निमार्ता डॉ अंबेडकर के योगदान को याद करना और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करना है। बताया कि यह अभियान सभी मंडलों में संचालित किया जा रहा है। अंत में राकेश प्रसाद ने संविधान की मूल प्रस्तावना को पढ़कर संकल्प लिया। संगोष्ठी में पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, सुरेंद्र महतो, कमलेश राम, अशोक नायक समेत कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक व धन्यवाद ज्ञापन अभियान के सह संयोजक संजीत सिंह ने किया। इस मौके पर अभियान संयोजक लक्ष्मण साहू, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुन्नी मुंडा, सुधाकर चौबे, मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, महिला मोर्चा अध्यक्ष नेहा सिंह, प्रज्ञा भारती, शिल्पी शालिनी, समीर राय, शंकर सिंह मुंडा, उर्मिला देवी, सरोज राय सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



## अनगड़ा में सुनी गयी लोगों की शिकायतें

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिल्ली डीएसपी अनुज उरांव के नेतृत्व में पुलिस ने बुधवार को अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया। इस शिविर में अनगड़ा, ओरमांझी एवं सिकिदिरी थाना क्षेत्र के करीब 100 लोगों ने अपने शिकायतों से संबंधित आवेदन पुलिस अधिकारियों को सौंपा। अनगड़ा थाना क्षेत्र से कुल 12 शिकायत पत्र पंजीकृत किए गए जिसमें दो आवेदन में प्राथमिकी एवं एक आवेदन में सन्हा दर्ज किया गया। शेष नौ मामले जमीन विवाद एवं बंटवारा से संबंधित थे, जिस पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। ओरमांझी थाना इंस्पेक्टर अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि आवेदन प्राप्त सभी मामलों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर ओरमांझी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल कुमार तिवारी, अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल साह, सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक सिन्हा, रविशंकर सिंह और विजय कुमार दास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जमीन विवाद को लेकर समिति की बैठक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** पतरा टोली (नामकुम) में जमीन से संबंधित विषय पर बुधवार को बैठक आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता समिति के सचिव नन्हें कच्छप ने की। इसमें जमीन विवाद के समाधान के लिए आगामी गुरुवार को रामपुर बाजार चौक में एक और बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसमें आवेदक को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। इस दौरान समिति के सदस्यों ने जमीन विवाद को सुलझाने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने पर चर्चा की। बैठक में चामू बेक, पास्कल लकड़ा, प्रदीप तिर्की, प्रकाश लकड़ा, बुधराम स्वंशी, अनिल लकड़ा, उत्तम गोप, अमर कुमार महतो, सुनील तिर्की, गोपाल मुंडा और छोटू तिर्की आदि उपस्थित थे।

## मंदिर के वार्षिक उत्सव पर निकली कलश यात्रा

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शिवनगर बरगावां स्थित श्री शिव हनुमान मंदिर में बुधवार को प्रथम वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में 251 कलश के साथ भव्य यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर से शुरू होकर सपाही नदी तक पहुंची, जहां से भक्तों ने पवित्र जल भरकर बरगावां देवी मंडप, पतरा टोली शिव मंदिर, महाराणा प्रताप चौक, नामकुम बाजार, बजरंग बली मंदिर और नामकुम थाना स्थित देव हनुमान मंदिर होते हुए वापस शिवनगर मंदिर पहुंचा। पूरे रास्ते जय श्री राम के नारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा के बाद मंदिर में पंडित मुकेश भास्कर ने विधिवत पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसके उपरांत भक्तों को खिचड़ी महाभोग का प्रसाद वितरित किया गया। कलश यात्रा में महावीर मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, रामानंद पांडेय, प्रभुदयाल बड़ाईक, मुखिया अनिता तिर्की, विकास कुमार, आनंद कुमार, चंद्र प्रकाश यादव, अनुपमा देवी, मून देवी, पूनम देवी, ईशा देवी, चांदनी देवी, अखिलेश तिवारी सहित सैकड़ों भक्त शामिल हुए।

## अनगड़ा में स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सीएचसी में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 15 स्टॉल लगाये गए थे। मेला का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, बीडीओ जयपाल सोय, प्रमुख दीपा उरांव सीएचसी प्रभारी डॉ शशि प्रभा व नीलकंठ चौधरी ने किया। इस असर पर डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि अनगड़ा सीएचसी में सभी तरह की चिकित्सा व सहायता निःशुल्क उपलब्ध है। आम आदमी यहां आये और अपनी समस्याओं को बतायें, सीएचसी में बेहतर सेवा दिया जाता है। स्वास्थ्य मेले में कुल 683 पंजीकरण किया गया। मौके पर सैकड़ों लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। मातृत्व स्वास्थ्य, दंत चिकित्सा, बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, याक्ष्मा सहित अन्य बिमारियों के ग्रसित 460 लोगों का उपचार किया गया। सिविल सर्जन के द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य स्क्रीनिंग सेवा का भी उद्घाटन किया गया, इसमें डॉ संजय कुमार सेवा देंगे। इसमें नशा उत्पीड़न, मानसिक तनाव, अवसाद आदि की स्क्रीनिंग की जाएगी। स्वास्थ्य मेले के आयोजन में बीपीएम शैलेश लुमार, बीएएम अजय काशी, डॉ स्नेहा, डॉ स्वाति सहित अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नामकुम में चला भाजपा का सदस्यता अभियान, दर्जनों लोगों ने ली सदस्यता



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम बस्ती स्थित डेकोरेटिव कजरिया टाइल्स शोरूम के समीप बुधवार को भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया गया। इसका नेतृत्व लोवाडीह मंडल अध्यक्ष नवीन सोनी और एसटी मोर्चा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य बिरसा पाहन ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान पार्टी की विचारधारा और नीतियों से प्रभावित होकर दर्जनों लोगों ने ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण की। अभियान के दौरान पार्टी नेताओं ने भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों पर चर्चा की और लोगों को पार्टी के साथ जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। अभियान का उद्देश्य पार्टी के संगठन को मजबूत करना और अधिक से अधिक लोगों को भाजपा की विचारधारा से जोड़ना था। कार्यक्रम में गणेश कुमार प्रजापति, रणविजय सिंह, अखिलेश चंद, शंकर गुप्ता, अनिल कुमार शर्मा, मनोज प्रमाणिक, आरपी सिंह, बृजेश सिंह, शांति देवी आदि उपस्थित रहे।

## मांडर और नरकोपी में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**मांडर/बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मांडर प्रखंड के फोरेस्ट मैदान में स्वास्थ्य मेले का आयोजन हुआ। जिसमें प्रखंड प्रमुख फिलिप्स सहायक एवं उप प्रमुख अमानत अंसारी मौजूद रहे। मेले में विभिन्न बीमारियों की जांच की गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर किशोर कल्लू ने बताया कि इस तरीके से मेले लगने से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कहा कि मेले में लगभग 480 मरीज का इलाज किया गया एवं उन्हें दवाइयां दी गई। वहीं, बेड़ो थाना प्रांगण में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन उप प्रमुख मोदसिर हक, प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुमित्रा कुमारी और मुखिया सरिता एक्का ने संयुक्त रूप से किया। मेले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 20 अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें टीबी के एक, मधुमेह के 20, आंख के 45, फलेरिया के एक, मानसिक रोग के दो, दांत के 12, परिवार नियोजन के 34, सिकल सेल के 134, युवा मातृ 10 एनसीडी के 163, स्किन के 5 मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां दी गई। ओपीडी के लिए 178 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराकर दवाइयां ली। इस अवसर पर उप प्रमुख ने कहा कि मरीज को डॉ से अपनी बीमारी को छिपानी नहीं चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य मेला में पहुंचे ग्रामीणों से कहा कि ग्रामीण अगर सही समय पर अपना इलाज कराते हैं तो उन्हें बाद में दिक्कत नहीं होगी।

